विचारार्थ विषय

वरिष्ठ परामर्शदाता – आईईसी/ बीसीसी (एक पद)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपरोक्त पद के लिए पूर्णतया अनुबंध के आधार पर योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकाएं और उत्तरदायित्व:

1.राज्य आईईसी/बीसीसी कार्याक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) हेतु दिशा-निर्देश तैयार करना तथा राज्यों द्वारा प्रस्तुत मूल्यांकन हेतु प्रपत्र तैयार करना।

2.साक्ष्य आधारित औचित्य, किए जा चुके कार्य की पृष्ठ भूमि, नवप्रवर्तन, बजट वितरण आदि को ध्यान में रखते हुए गतिविधियों को प्रदर्शित करते घटकों के लिए न्याय परक तकनीकी पर्यवेक्षण तथा संबंधित राज्य नोडल अधिकारी/परामर्शदाता के साथ परामर्श से उपयुक्त अनुशंसाओं को पूरा करना।

3.पीआईपी के अनुमोदन अथवा राज्य से और स्पष्टीकरण पर आगामी कार्रवाई हेतु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय तथा पदनामित कार्मिकों को अनुशंसायें प्रदान करना, जैसा भी मामला हो।

4.स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को तथा प्रभाग में विभिन्न कार्यक्रम अनुभागों (मातृ स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य, परिवार नियोजन, किशोर स्वास्थ्य तथा आरबीएसके) के साथ समन्वय तथा सभी संबंधित अनुभागों में सम्प्रेषण घटकों के उपयुक्त प्रदर्शन और तदनुसार राज्य आईईसी/बीसीसी पीआईपी के अनुमोदन को सुविधायुक्त बनाने के लिए राज्यों द्वारा प्रस्तुति की समीक्षा।

5.डीएवीपी के मानदंड व अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए मास मीडिया अभियान हेतु मीडिया योजनाएं तैयार करना तथा डीएवीपी के साथ समन्वयन बनाना।

6.सम्प्रेषण अभियानों के लिए विशिष्ट अनुरोध के अनुसार विकसित किए जाने वाली सामग्रियों के उपयुक्त मिश्रण पर सलाह देना तथा इसी के लिए प्रोटोटाइप/आर्टवर्क निर्माण

7.सम्प्रेषण सामग्रियों के विकास/परिवर्तन /अंगीकरण के मार्गदर्शक तैयार करने के लिए उपलब्ध रचनात्मक अनुसंधान की समीक्षा

8.मुक्त संदेशों का सृजनात्मक विकास पहचानना और करना जिसे संबंधित अभियानों के लिए सम्प्रेषण सामग्री में शामिल किए जाने की आवश्यकता है।

9.विकास सहभागियों की आईईसी/बीसीसी गतिविधियों की समीक्षा करना।

10.सोशल मिडिया जैसे फेसबुक, यू-टयूब, ट्विटर आदि के लिए सृजनात्मक ग्राफिक्स और संयोजन सामग्री के निर्माण में समन्वयन

11. निम्नलिखित का समन्वित सृजन:-

- वार्षिक रिपोर्ट
- ई-बुक
- पत्रिका
- रिपोर्ट

12.प्रेस ब्रीफिंग आयोजित करने तथा तदनुसार प्रेस विज्ञप्ति तैयार करने तथा जारी करने के लिए प्रिंट मीडिया व इलेक्ट्रोनिक मीडिया से समन्वयन

13.सम्प्रेषण अभियान/ सामग्रियों के निर्माण हेतु संविदा एजेंसियों के कार्यो का प्रबंधन तथा निगरानी आदि आवश्यक। इसमें मार्गदर्शन के साथ – साथ सृजनात्मक सामग्री का निर्माण /उपचार ग्राफिक्स डिज़ाइन व लेआउट से जुडे पहलू की निगरानी शामिल हैं।

14.एनआईएचएफडब्ल्यू की अपेक्षाओं के अनुसार उनके समन्वयन में आईईसी/ बीसीसी संबंधित साहित्य साम्रगी ऑनलाइन उपलब्ध कराना।

15.प्रदर्शनियों तथा मेलों जैसे व्यापार मेलों, सूरज कुंड मेला आदि में आईईसी गतिविधियां आयोजित करने में सहायता करना।

16.सक्षम अधिकारी द्वारा सौंपे गये अन्य कार्य ।

पात्रता:

1.ख्याति प्राप्त तथा मान्यता प्राप्त संस्थान से जन स्वास्थ्य/ स्वास्थ्य प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री के साथ आईईसी/बीसीसी में 3-4 वर्ष का अनुभव।

अथवा

ख्याति प्राप्त तथा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से मास कम्यूनिकेशन, पत्रकारिता /सम्प्रेषण में स्नातकोत्तर डिग्री

2.स्वास्थ्य के क्षेत्र में सामाजिक विकास से जुडे सलाहकारी, सूचना तथा सम्प्रेषण में राज्य अथवा राष्ट्रीय स्तर पर न्यूनतम 4-6 वर्ष का व्यावसायिक अनुभव/ एनएचएम/आरसीएच में राष्ट्रीय अथवा राज्य स्तर पर कार्य करने वाले अभ्यार्थियों को वरीयता दी जाएगी।

3.सोशल मीडिया गतिविधियों सहित स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की हाल की गतिविधियों की जानकारी लेना।

4.अत्याधिक मांग वाले वातावरण में, अकादमियों एवं बहुपक्षीय सहभागियों के साथ कार्य करने की क्षमता।

5.एमएस वर्ड, एक्सल, पावर प्वाइट तथा डाटा व डाक्यूमेंट संबंधित सर्च हेतु वेव सर्फिंग जैसे सामान्यत: उपयोग किये जाने वाले पैकेजों में उच्च स्तरीय कम्यूटर दक्षता और अनुभव ।

6.उत्कृष्ट संप्रेषण व प्रस्तुति कौशल , विश्लेषणपरक व अंतर्वैयक्तिक क्षमता तथा हिन्दी व अंग्रेज़ी में मौखिक व लिखित सम्प्रेषण कौशल ।

7.औपचारिक शैक्षणिक योग्यता व अनुभव को उच्च गुणवत्ता के प्रकाशन कार्य अथवा विशिष्ट प्रसंग के कार्य अनुभव के मामले में छूट दी जा सकती है।

आयु :आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तारीख को अधिकतम 55 वर्ष आयु और विस्तृत क्षेत्रीय दौरे करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य होना चाहिए।
पारिश्रमिक: प्रतिमाह 90,000 रुपए से 1,30,000 रुपए के बीच।

स्थान: दिल्ली

आवेदन करने के लिए: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **19-May-2017** को अपराहन **4** बजे तक mohfw.recruitment@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।